## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर बाराबंकी में दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक 5 अगस्त को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया कि बाराबंकी के देवा स्थित बरेठी गांव निवासी अमन प्रजापति उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। अमन अपने घर से फरार हो गया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी अमन को उसके बाराबंकी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के बयान के आधार पर मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

### किशोरी को भगाने वाले पर एफआईआर

**अमृत विचार, माल :** माल इलाके की एक महिला ने अपने नाबालिग नातिन को बहलाफुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि हरदोई के मदारपुर निवासी संदीप नाबालिग नातिन को भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। माल इलाके की एक ने महिला ने पुलिस को बताया कि, उसकी पंद्रह वर्षीय नाबालिग नातिन को हरदोई जनपद के अतरौली के मदारपुर निवासी संदीप शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक पर युवती को भगा ले जाने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी इलाके में एक युवक पर युवती को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के अनुसार ग्राम डिघिया निवासी शिवम ने पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसकी बहन को अर्जुन नाम का युवक, जो इटावा का निवासी बताया जा रहा है। 6 मार्च की सुबह करीब 10 बजे बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों के अनुसार युवती के अचानक घर से गायब होने के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद भाई शिवम ने काकोरी थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### पति समेत तीन पर प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, माल :** विवाहिता ने माल थाने में पति समेत ससुराल के तीन लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। माल कस्बा की रहने वाली विवाहिता ने के मुताबिक वर्ष 2023 में उसका विवाह हरदोई के सदर कोतवाली क्षेत्र के सिनेमा रोड रुद्रांश गारमेंट निवासी शोभित सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से पति शोभित सिंह, जेठ शिव मिलन सिंह उर्फ टिंकू सिंह सहित जेठानी स्मृति सिंह उर्फ राधा मारपीट करते हुए प्रताड़ित किया और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में माल पुलिस ने रविवार को पीड़िता की शिकायत पर उसके पति शोभित सिंह सहित ससुराल पक्ष के तीन लोग जेठ शिव मिलन सिंह उर्फ टिंकू सिंह, जेठानी स्मृति सिंह उर्फ राधा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### इंस्पेक्टर व दरोगा पर टिप्पणी, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा थाना इंस्पेक्टर और हंसखेड़ा चौकी प्रभारी की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अमर्यादित टिप्पणी कर गाली–गलौज की गई। यह घटना दूसरी बार हुआ। इससे पहले भी क्षेत्र की एक महिला ने ऐसी घटना की थी। तब भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। उसी महिला ने दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ दोबारा पोस्ट किया। पुलिस ने दोबारा रिपोर्ट दर्ज किया है। काशीराम कॉलोनी निवासी रंजीत सिंह भाजपा महानगर लखनऊ के सोशल मीडिया प्रभारी हैं। रंजीत के मुताबिक छह मार्च को होली के अवसर पर चौकी इंचार्ज मुन्ना लाल को सम्मानित किया गया था। संवेदनशील इलाके में त्योहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने पर कॉलोनी के लोगों ने उनका आभार जताया था। आरोप है कि पुरानी काशीराम कॉलोनी निवासी हिमांशी यादव उर्फ मानसी ने फेसबुक से फोटो निकालकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर दी। इसके साथ ही चौकी इंचार्ज मुन्नालाल, थाना प्रभारी सुरेश सिंह और रंजीत सिंह की तस्वीर लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग का जान से मारने की धमकी दी।







टी-20 में विश्वकप में टीम इंडिया के चैंपियन बनने पर तिरंगा लहराते लोग और अलग-अलग इलाकों में आतिशबाजी जलाकर भारत माता के जयकारे लगाते क्रिकेट प्रेमी। अमृत विचार

# जीत की खुशी में धरती से आसमान तक कर दिया सतरंगी

## विश्वकप में टीम इंडिया की जीत पर सड़कों पर उतरे हजारों क्रिकट प्रेमी, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

अमृत विचार, लखनऊ

**अमृत विचार:** टी-20 में विश्वकप में टीम इंडिया के चैंपियन बनने की खुशी में लखनऊ के क्रिकेट दीवानों ने धरती से आसमान तक सतरंगी कर दिया। न्यूजीलैंड का अंतिम विकेट गिरने के साथ ही शहर में जगह-जगह बच्चो, युवाओं, बुजुर्गों से लेकर महिलाओं तक का हुजूम सड़कों पर उतर आया और भारत माता के जयकारों के साथ आतिशबाजी चलाई जाने लगी। हजरतगंज और 1090 पर तो हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और देर रात तक जश्न चलता रहा। एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

आलम यह था कि जीत की खबर आते ही हजरतगंज, गोमती नगर से लेकर यहियागंज के शास्त्रीनगर, रकाबगंज, अमीनाबाद, चौक और आलमबाग से लेकर जानकीपुरम तक पूरा शहर सड़कों पर उतर आया। मैच खत्म होते ही राजधानी के विभिन्न इलाकों में जमकर आतिशबाजी हुई, जिससे रात का आसमान रंगों से सराबोर हो गया। क्रिकेट प्रेमियों ने इस जीत का जश्न दीपावली की तरह मनाया। 'सुनो गौर से दुनिया वालों' और 'चक दे इंडिया' जैसे देशभक्ति गीतों पर युवा देर रात तक थिरकते रहे। हाथों में तिरंगा थामे प्रशंसकों के हुजूम ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरे शहर को गुंजायमान कर दिया। जीत की खुशी इतनी ज्यादा थी कि लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराने के लिए गुझिया और मिठाइयां बांटीं। कई जगहों पर प्रशंसकों ने फूलों की होली खेलकर अपनी खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भांगड़ा करते युवाओं और हजारों वॉट के साउंड सिस्टम पर बजते गानों ने जीत के इस उत्सव को यादगार बना दिया।



टी-20 में विश्वकप में टीम इंडिया के चैंपियन बनने पर खुशी मनाते के लिए हजरतगंज चौराहे पर जुटी भीड़। अमृत विचार

### बूम-बूम बुमराह, संजू-अभिषेक भी छाए

■ इस ऐतिहासिक जीत में टीम इंडिया के सितारों का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला। शहर की हर गली में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और 'बूम-बूम' बुमराह के नाम की धूम रही। प्रशंसकों ने टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम युग बताया। सेंट जोसेफ स्कूल, राजाजीपुरम में प्रबंधक अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में बच्चों और स्टाफ ने बड़ी स्क्रीन पर मैच का आनंद लिया और जमकर नारेबाजी की। स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में भी बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाया गया, जहां सुभांश कुमार समेत कई खेल प्रेमियों ने भारतीय टीम के अजेय प्रदर्शन की जमकर तारीफ की।

### जीत की कामना के लिए युवाओं ने लगाई दौड़

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** टी-20 विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया की जीत की कामना और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में उत्साह और जोश के साथ एलएसजी रन–रन फॉर इंडिया का आयोजन किया गया। लखनऊ सुपर जायंट्स की देखरेख में आयोजित मैराथन की शुरुआत 1090 चौराहे से हुई, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने एलएसजी की नई जर्सी पहनकर फिटनेस और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में आरपीएसजी स्पोर्ट्स की नेहा लोसलका ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। मैराथन तीन श्रेणियों, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर में आयोजित की गई। 10 किलोमीटर की दौड़ 1090 चौराहे से शुरू होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क होते हुए जनेश्वर पार्क तक पहुंची। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए जुम्बा डांस का भी आयोजन किया गया। मैराथन के विभिन्न वर्गों में धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में अंशिका यादव, रूबी, हर्षिता, डॉ. क्षितिज, पूजा सिंह, निहारिका पांडेय, तान्या, कामिनी, कल्पना और पलक विजेता रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में शुभम यादव, रवि पाल, नौशाद अली, आनंद करन, आरपी सिंह, आकाश टंडन, सक्षम, अंकित, अभय, श्रवण और उमा शंकर को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं और रनर-अप प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, महिलाओं की शक्ति का सम्मान करना और टीम इंडिया की जीत के लिए शहरवासियों को एकजुट करना है।



1090 चौराहे से शुरू हुई मैराथन में दौड़ लगाते लोग।

# पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- हत्यारोपी पति फरार, तलाश में दो टीमें दे रही दबिश
- निगोहां के शेखन खेड़ा गांव में रविवार देर रात हुई घटना

**अमृत विचार:** निगोहां के शेखन खेड़ा गांव में रविवार देर रात घरेलू विवाद में नशे में धुत पति ने पत्नी राजेश्वरी (44) पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति की तलाश में दो टीमें दबिश दे रही हैं।

शेखन खेड़ा गांव निवासी राजेश रावत अपने परिवार के साथ रहता है। परिवार में पत्नी राजेश्वरी व बच्चे हैं। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि राजेश नशे का आदी है। वह रोज नशा करता है। रविवार रात को इसी बात पर पत्नी राजेश्वरी से कहासुनी हुई। रात करीब 9.30 बजे नाराज राजेश ने घर में रखे कुल्हाड़ी से राजेश्वरी पर ताबड़तोड़ कई वार किये। खून से लथपथ होकर राजेश्ववरी वहीं गिर गयी।

मौके पर ही राजेश्वरी ने दम तोड़ दिया। आरोपी राजेश घर से भाग निकला। वारदात के समय परिवार के अन्य लोग गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि राजेश्वरी पति के नशेबाजी से परेशान थी। अक्सर इस बात पर कहासुनी होती थी। रविवार रात को भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। नशे में धुत राजेश ने राजेश्वरी की हत्या कर दी। एडीसीपी बसंथ कुमार के मुताबिक आरोपी की तलाश में दो टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# संक्रमित मिले लोगों के दोबारा लिए गए नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रहीमाबाद के एक गांव में 19 लोग मिले थे हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव

**अमृत विचार :** रहीमाबाद क्षेत्र के एक गांव में आयोजित रक्तदान शिविर के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक की ओर से लगाए गए शिविर में रक्तदान करने वाले 19 लोगों की जांच में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण मिलने की आशंका सामने आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने दोबारा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

24 फरवरी को रहीमाबाद के मुंशीखेड़ा गांव में संत निरंकारी समागम के दौरान रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। इसमें बलरामपुर अस्पताल की टीम ने रक्तदान कराया था। जिसमें 19 लोगों ने रक्तदान किया था। प्रारंभिक जांच में ब्लड बैंक में एलाइजा विधि से दो लोग और कार्ड टेस्ट में एक व्यक्ति हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद सभी 19 नमूनों को लोहिया संस्थान भेजा गया, जहां नेट जांच में सभी नमूनों में संक्रमण की पुष्टि होने की बात सामने आई।

मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर रविवार को बलरामपुर अस्पताल की टीम गांव पहुंची और 19 में से 13 लोगों के दोबारा नमूने लेकर जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए। शेष छह लोगों से भी अस्पताल आकर नमूना देने को कहा गया है। हालांकि फिलहाल संक्रमित बताए जा रहे लोगों में बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले हैं। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. हरिराम गुप्ता के अनुसार पहले नमूनों की नेट जांच होगी और इसके बाद संक्रमित पाए जाने वालों का वायरल लोड परीक्षण कराया जाएगा। वायरल लोड अधिक होने पर मरीजों का उपचार शुरू किया जाएगा।

### इंटौजा में भी मिले थे 30 संक्रमित

■ एक साल पहले इंटौजा इलाके मे हेपेटाइटिस बी के बड़ी तादाद में मरीज मिले थे। सभी नमूनों की जांच लोकबंधु अस्पताल में की गई थी। जहां पर सभी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद सभी के नमूने वायरल लोड जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए थे। जहां जांच के दौरान वायरल लोड सभी का कम मिला था। सभी संक्रमित मरीजों को केजीएमयू इलाज के लिए भेजा गया था। जहां से उन्हें दवा दी गई थी। हालांकि इस बीमारी के फैलने की वजह अफसर नहीं तलाश पाए थे। पूरे मामले की लीपापोती करके उसे दबा दिया गया।

नवाजा | उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में पुस्तकों का लोकार्पण हुआ

# सात बाल साहित्यकारों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। विनम्र बाल साहित्य संस्थान की ओर से रविवार को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में पुस्तकों का लोकार्पण एवं बाल साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

मुख्य अतिथि सूर्य कुमार पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश चंद्र भगत, मुख्य वक्ता नागेश पाण्डेय संजय तथा अखिलेश श्रीवास्तव चमन के सम्मान के बाद संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष गौरीशंकर वैश्य विनम्र में संस्था का परिचय देते हुए कहा कि संस्थान की संस्थापना वर्ष 2018 में हुई थी, लेकिन इस वर्ष से यह सक्रिय रूप से आकार ले सका है।



विनम्र बाल साहित्य संस्थान की ओर आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि व आयोजक।

संस्थान की ओर से साहित्यकार दयानंद जड़िया अबोध को विनोद चंद्र पाण्डेय विनोद बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान, डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल को शंकर सुल्तानपुरी बाल साहित्य स्मृति सम्मान, डॉ. सतीश चंद्र भगत (दरभंगा- बिहार) को विनायक बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान, शीला पाण्डेय को बाबूलाल शर्मा प्रेम बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान, नीलम राकेश को डॉ. चक्रधर नलिन बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान, शताब्दी गरिमा को प्रेमचंद्र गुप्त विशाल बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान, सृष्टि पाण्डेय (शाहजहांपुर) को डॉ. स्नेहलता पाठक बाल साहित्यकार स्मृति सम्मान व अनंतर निराला साहित्य परिषद (महमूदाबाद-सीतापुर) के संरक्षक अशोक कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष अवधेश गुप्त नमन, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा गौरीशंकर वैश्य विनम्र को उनके दीर्घकालीन साहित्यिक अवदान के परिप्रेक्ष्य में परिषद के प्रतिष्ठित निराला साहित्य सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया।

### आर्केस्ट्रा के दौरान विवाद अगवा कर कार में पीटा

अमृत विचार, बख्शी का तालाबः इटौंजा के भगौतापुर गांव में तिलक समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा में हुए विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट हुई। आरोप है कि कुछ लोगों ने युवक को कार से अगवा कर लिया। उसकी कार में पिटाई की। मानपुर चौराहे पर लेकर पहुंचे। वहां लाठी-डंडे और रॉड से पीटा। गंभीर हालत में छोड़कर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बदैया निवासी सर्वेंद्र शनिवार की रात भगौतापुर गांव में अपनी रिश्तेदारी में पाचू के यहां तिलक समारोह में आया था। समारोह में आर्केस्ट्रा पर नाच-गाना चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर सर्वेंद्र का कुछ लोगों से विवाद हो गया।पीड़ित का आरोप है, कि रात में जब वह घर वापस जा रहा था तभी रास्ते में तीन लोगों ने उसे रोक लिया और जबरन कार में बैठा उठा ले गए।

# सृष्टि अपार्टमेंट की टंकियों में लीकेज, ढक्कन भी टूटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए ने फाइबर सीट से ढकी टंकियां, हादसे का डर
- बराबर मेंटीनेंस शुल्क लेने के बाद भी समस्या बरकरार

**अमृत विचार :** कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में आरसीसी की बनी पानी की टंकियां जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह लीकेज से छतों पर पानी भरता है। पाइप और दीवार के सहारे फ्लैट और बालकनी में टपकता है। टंकियों के ढक्कन टूटे हैं। जो आनन-फानन में फाइबर की सीट से ढक दिए गए, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के सृष्टि अपार्टमेंट में 520 फ्लैट बने हैं। परिसर में आठ ब्लॉक हैं। सभी ब्लाकों में आरसीसी की टंकिया बनी है। जो देखरेख और मरम्मत के अभाव में जगह-जगह हो चुकी हैं। जगह-जगह लीकेज से पानी टपकता है। छत व पाइप काई से पटे पड़े हैं। पाइप भी लीकेज हैं। आवंटी विवेक शर्मा ने बताया कि कई बार एलडीए में शिकायत की लेकिन, टंकियां दुरुस्त नहीं की गई। बल्कि पिछले माह फाइबर की सीट डालकर टंकियां ढक दी गईं। छतों की फर्श चटकी हैं। कभी भी टंकी गिरने से जान-माल का नुकसान हो सकता है। मरम्मत के नाम पर सभी आवंटियों से बराबर शुल्क लिया जा रहा है। इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है।



फाइबर सीट से ढकी पानी की टंकी।

# महिलाओं ने हर क्षेत्र में साबित की दक्षता

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में जगह-जगह हुआ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता, गोरखपुर



सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम पर शक्ति वॉक का शुभारंभ करती महिला कर्मचारी।



महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करती पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम,गोरखपुर में शक्ति वॉक का आयोजन किया गया। 'शक्ति वॉक' को महिला रेलकर्मी मीरा सिकन्दर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस शक्ति वॉक में महिला खिलाड़ियों एवं महिला रेलकर्मियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के महासचिव एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 65115 भटनी-अयोध्या धाम वाया गोरखपुर मेमू गाड़ी का संचलन पूर्णरूप से महिला रेलकर्मियों द्वारा किया गया। इस गाड़ी में लोको पायलट प्रियंका शर्मा, सहायक लोको पायलट निधि गौतम, टेन मैनेजर जागृति त्रिपाठी, मुख्य टिकट निरीक्षक मुक्ता प्रभा बरला आदि कार्यरत रहीं। गोरखपुर जं. स्थित इलेक्ट्रानिक पैनल पर कार्यरत कर्मचारी-स्टेशन मास्टर अंकिता कुमारी, स्टेशन मास्टर रूबी कुमारी, स्टेशन मास्टर खुशनसीबा खातून, स्टेशन मास्टर शालू कुमारी, स्टेशन मास्टर/एरिया कन्ट्रोलर(गुड्स) प्रियंका कुमारी तथा कांटावाला अर्चना यादव ने टेन परिचालन का कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित किया।

महिला रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा टेनों एवं स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोरखपुर स्टेशन के बुकिंग एवं आरक्षण केन्द्र के सभी काउण्टरों पर महिला रेलकर्मियों द्वारा सभी कार्य सफलतापूर्वक किया गया। कोचिंग डिपो, गोरखपुर में टेनों के अनुरक्षण का कार्य महिला कर्मियों द्वारा सम्पन्न किया गया तथा गोरखपुर स्टेशन का लाण्ड्री यूनिट में सभी कार्य महिलाओं द्वारा किये गये।

इसके अतिरिक्त गोरखपुर जं. पर सफाई का कार्य महिलाओं द्वारा निष्ठापूर्वक किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंकुर उद्योग लिमिटेड, गोरखपुर ने गोरखपुर स्टेशन को 04 सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीने प्रदान किये जिनमें पांच रुपये के सिक्के से महिलाओं को सेनिटरी पैड उपलब्ध कराये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**महिलाओं के अधिकार व भागीदारी पर जोर: ककरहवा, सिद्धार्थनगरः** विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत दूल्हा सुमाली स्थित पंचायत भवन पर मानव सेवा संस्थान सेवा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान नीतू पाण्डेय ने किया। इस दौरान महिलाओं की भागीदारी, उनके अधिकारों और सम्मान के प्रति समाज को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

ग्राम प्रधान नीतू पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एंव बेटियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया। महिला दिवस के अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और समान अधिकार सुनिश्चित करना जरूरी है। इस अवसर पर मोहाना थाना की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को टोल फ्री नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अमन जायसवाल ने कहा एक सभ्य समाज के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, उपनिरीक्षक जयमाल, महिला मुख्य आरक्षी शीलमती शर्मा, अंजू, संस्था से संदीप कुमार मद्धेशिया, अरुण कुमार मद्धेशिया, शिक्षिका विभा यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक हुए 9 परिवार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार व पुलिस उपाधीक्षक विश्वजीत शौर्य एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय शुभेन्दु तथा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी की उपस्थिति में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय द्वारा महिला थाना पर स्थापित परिवार परामर्श केन्द्र में महिला थाना की टीम के साथ काउंसलिंग करते हुए विभिन्न करण से तलाक की कगार पर खड़े 09 जोड़ों को एक साथ विदा किया। रविवार को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित परिवार परामर्श केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा महिला थाना की टीम के साथ 09 परिवारों को एक साथ विदा किया गया। जिसमें निम्न 09 परिवारों को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम में उप निरीक्षक रामनारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी प्रगति राय, महिला आरक्षी शिवानी सिंह, महिला आरक्षी रीना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं 09 जोड़ों में लक्ष्मी पत्नी विजय साकिन दरौली थाना सिद्धार्थनगर, सोनाली पत्नी सीताराम साकिन चेचराफ थाना कठेला समय माता, सुषमा पत्नी अजय साकिन नागचौरी थाना मिश्रौलिया, रोजी पत्नी अल्ताफ साकिन कल्याणपुर थाना सिद्धार्थनगर, पूनम पत्नी हनुमान साकिन टिकुर थाना खेसरहा, नाजिया पत्नी अरशद अहमद साकिन बेलउख पुरउवा थाना खेसरहा, निर्मला पत्नी विनय साकिन धौरीकुइयां थाना सिद्धार्थ नगर, महिमा पत्नी अमित साकिन टिघरा थाना उसका बाजार, रोशनी पत्नी गोवर्धन साकीन नीबीदोहनी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर थे।

## अब 21 दिन से पहले नहीं मिलेगा दूसरा सिलेंडर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने एलपीजी गैस सिलेण्डर की बुकिंग को लेकर नई गाइडलाइन्स जारी की हैं। अब एक एलपीजी गैस सिलेण्डर की डिलीवरी के 21 दिन बाद ही दूसरा सिलेण्डर ऑनलाइन बुक किया जा सकेगा। तेल कम्पनियों ने अपने सॉफ्टवेयर में ऐसे बदलाव किये हैं कि 21 दिन से पहले बुकिंग नहीं हो सकेगी। यानी अब एक सिलेण्डर मिलने के बाद दूसरे सिलेण्डर की डिलीवरी के बीच 21 दिन का अन्तर होगा। नये नियम शुक्रवार से लागू हो गये हैं। गैस एजेंसी संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिये हैं।



मेडिकल स्टोर की जांच करतीं ड्रग इंस्पेक्टर प्रीति सिंह व अन्य। अमृत विचार

### बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जन शिकायत निवारण पोर्टल ( आईजीआरएस) पर मिली शिकायत के आधार पर औषधि विभाग की टीम ने शनिवार को बखिरा क्षेत्र के देवकली चौराहे पर स्थित बघौली-पिपराबोरिंग मार्ग पर बिना लाइसेंस संचालित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध दवाओं का जब्त करते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर प्रीती सिंह के मुताबिक जांच में पाया गया कि पन्नेलाल पुत्र रामसुंदर द्वारा संचालित उक्त मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था। टीम ने दुकान में रखी दवाओं को एक बोरी में भरकर सील-मुहर के साथ कब्जे में ले लिया और उन्हें सुरक्षित अभिरक्षा में रखवा दिया। छापेमारी के दौरान दो संदिग्ध दवाओं के नमूने भी संग्रहित किए गए है। अधिकारियों के अनुसार इन नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

## महिला सिपाही के पति ने दो बच्चों की हत्या कर खुद भी लगाई फांसी लगाई

**नेपाल सीमा से, अमृत विचार।** महराजगंज जिले के नौतनवा कस्बे के गांधीनगर वार्ड-25 में रविवार को एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यहां किराए के मकान में रह रहे एक व्यक्ति ने अपने ही दो मासूम बच्चों की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के निवासी अमरेंद्र भारती अपनी पत्नी वंदना के साथ गांधीनगर इलाके में किराए के मकान में रहते थे। वंदना सशस्त्र सीमा बल (SSB) में सिपाही के पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह वंदना ड्यूटी के लिए चली गई थीं, जिसके कुछ समय बाद घर के अंदर यह दुखद घटना घटित हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार परिवार में पिछले कुछ समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। प्रारंभिक जानकारी में बताया जा रहा है कि अमरेंद्र ने पहले अपने दोनों छोटे बच्चों की जान ले ली और उसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

क्षेत्राधिकारी नौतनवा अंकुर गौतम, थाना प्रभारी पुरषोत्तम राव तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कमरे से जुड़े साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। इस दर्दनाक घटना के बाद गांधीनगर मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। पड़ोसियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें इस तरह की घटना की बिल्कुल भी आशंका नहीं थी।

# मेधावी बालिकाएं व उत्कृष्ट महिलाएं सम्मानित

कार्यक्रम

संवाददाता, संतकबीरनगर



महिला दिवस पर आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व मेधावी बालिकाओं को सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या जनक नंदिनी ने खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया तथा 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 के तहत पांच हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर दिए गए। इसके अलावा उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित किए गए। सीडीओ जयकेश त्रिपाठी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में बताया है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। कहा कि महिला सशक्त होगी तो परिवार के साथ समाज भी मजबूत होगा। उन्होंने सभी से नारी सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं, जिले में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मान्यवर काशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें करीब 60 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में खो-खो, कबड्डी, रस्सीकूद व एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## पेट्रोल-डीजल और गैस किल्लत की अफवाह से मचा हड़कंप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले में ईंधन की कमी की अफवाहों के बाद गैस एजेंसियों सहित पेट्रोल पम्पों पर भीड़ बढ़ गई है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। प्रशासन ने पेट्रोल पम्प संचालकों और गैस एजेंसियों के लिए भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि कुछ लोग पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैला रहे हैं। इसके कारण लोग अनावश्यक रूप से ईंधन का भण्डारण कर रहे हैं। काफी लोग ड्रम, टैंकर या अन्य बड़े कन्टेनरों में पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं, साथ ही वाहनों की टंकियां भी पूरी तरह भरकर अतिरिक्त ईंधन जमा कर रहे हैं। वहीं स्थानीय एजेंसियों पर अतिरिक्त गैस सिलेण्डर को लेने को लेकर अथाह भीड़ हो रही है, जिसको लेकर वास्तविक लोगों को दिक्कत का सामना कर रहे हैं। इस स्थिति को नियन्त्रित करने के लिए जिले के सभी गैस एजेंसियों सहित पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिये गये हैं। अब बिना किसी अपरिहार्य कारण के किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक गैस सिलेण्डर सहित ड्रम, टैंकर या बड़े कंटेनरों में पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जायेगा।

### बैठक में संगठन के कार्यों पर हुआ मंथन



बैठक में भाजपा की मजबूती को लेकर विचार-विमर्श करते लोग। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य की अध्यक्षता में जिले की संगठनात्मक प्रवेक्षक पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बहराइच सदर से विधायक अनुपमा जायसवाल ने जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक की। भाजपा कार्यालय आगमन पर जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल का स्वागत किया। विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ संगठनात्मक कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया। जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय के अनुसार उक्त अवसर पर सदर विधायक श्यामधनी राही, जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** महुली थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव में रविवार की सुबह एक 19 वर्षीय युवक का शव घर की दीवार में लगे पाइप से लटकता मिला। मोलनापुर निवासी वृंदावन का पुत्र रोहित (19) पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। बड़े भाई किशन और बहन प्रीति की शादी हो चुकी है, जबकि सूरज, विशाल, रोहित (मृतक) और रोहन अविवाहित थे। रोहित गोरखपुर के बसंतपुर में रहकर एक हार्डवेयर की दुकान पर काम करता था और करीब 15 दिन पहले होली के अवकाश में गांव आया था। शनिवार की शाम वह दोस्तों के साथ पार्टी की बात कहकर घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह परिजन जब सोकर उठे तो घर की दीवार में लगे पाइप से लटकता उसका शव देखकर अवाक रह गए।

### प्रधान समेत दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में नामजद ग्राम प्रधान समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस, तीन बांस के डंडे, एक लोहे की रॉड और एक कार बरामद की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कोतवाल जयप्रकाश दूबे ने बताया कि बस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के शिकटा बरगाह निवासी उमाशंकर यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह पिछले 15 वर्षों से अपने ननिहाल घटरम्हा, खलीलाबाद में रहकर रौरापार चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आरोप है कि 2 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे मेडिकल स्टोर बंद कर घर लौटते समय कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने पहले बंधक बनाकर मारपीट की और बाद में जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान कृष्णचंद पांडेय, नीरज पांडेय, आलोक राय, नितिन पांडेय व कुछ अज्ञात के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को इंस्पेक्टर क्राइम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोहम्मदपुर कठार के पास से आरोपी प्रधान कृष्णचंद पांडेय व आलोक राय को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में हरिकेश बहादुर सिंह, अशोक कुमार दूबे, विनोद कुमार यादव, धर्मनाथ यादव सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## खेलो खिलखिला कर राज्यस्तरीय स्पर्धा आज से

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों की प्रतिभा निखारने की लिए डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रीडा स्पर्धा का शुभारंभ बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह सोमवार को करेंगे। प्रदेश के 18 मंडल के करीब 7 से 8 हजार बच्चे प्रतिभाग करेंगे। विभाग ने तैयारी के लिए कई कमेटी बनाई है जो लगातार कार्य कर रही है। जिले के 14 इण्टर कालेज/महाविद्यायों में बच्चों को ठहरने की व्यवस्था की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद और वित्त लेखा अधिकारी अनुपम कुमार को अनुशासन, खंड शिक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी को भोजन, रमाकांत राम को यातायात, राजेश कुमार को उपकरण, उद्घाटन और समापन अमित श्रीवास्तव, तारकेश्वर पांडेय को अभिलेख, राजेश सिंह को पुरस्कार व्यवस्था, रियाजुद्दीन को फील्ड, शैलेंद्र कुमार को आवास व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है।

## युवक ने धर्म बदलकर युवती से की छेड़खानी, केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र ढेबरूआ के एक गांव की युवती से एक युवक ने नाम बदलकर बात करना शुरू किया और युवती को उसी के जाति का बताया। युवती भी अपने जाति का समझकर उससे बातें करने लगी। गुरुवार को युवती गायब हो गई। युवती के चचेरे भाई ने जब उसकी तलाश की, तो बढ़नी के पास एक ढाबे पर खड़ी ट्रक की कैबिन में आरोपित युवक उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। मामला ढेबरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। युवती से जब आरोपित का नाम पूछा गया, तो उसने बताया कि आरोपित युवक अपना नाम दिलीप बताकर मुझसे बात कर रहा था। युवती के भाई ने जब आरोपित की पहचान पता किया तो दंग रह गया। आरोपित की असली पहचान रहमान पुत्र अब्दुल रसीद है और वह शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बगही गांव का है। युवती के चचेरे भाई ने बताया कि आरोपित जान से मारने की बात कहते हुए बहन का मतांतरण कर बेचने की धमकी दी है। युवक के धर्म बदलकर युवती से बात कर छेड़खानी करने को लेकर क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है।

## 150 कमरों वाले यात्री निवास का लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय




रामसेवक पुरम में आयोजित यात्री निवास के लोकार्पण कार्यक्रम में मंच पर बैठे विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी और साधु-संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामभक्तों की सुविधा के लिए विश्व हिंदू परिषद के द्वारा रामसेवक पुरम के चार एकड़ परिसर में यात्री निवास का निर्माण कराया गया है। इसमें बने अशोक सिंघल, मोरोपंत व ओंकार भावे भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 150 कमरे हैं। साथ ही परिसर में चमेली देवी अग्रवाल अन्न क्षेत्र और सत्संग भवन का भी निर्माण कराया गया है। रविवार को इसका उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर अशर्फी भवन मंदिर के महंत रामानंदाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य, विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा, संगठन महामंत्री मिलिंद परांदे, उपाध्यक्ष चंपत राय मौजूद रहे। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि बाहर से आने वाले रामभक्तों के ठहरने के लिए तीन अतिथि भवन का निर्माण कराया गया है। इनमें 150 कमरे हैं, जिनमें सभी सुख सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है। संगठन महामंत्री ने बताया कि चार एकड़ की इस भूमि पर अतिथि भवन के साथ भोजन के लिए भोजनालय व सत्संग भवन का भी निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर महंत गौरीशंकर दास, महंत रामकुमार दास, महामंडलेश्वर आदि रहे।



ग्राम पंचायत अर्री में खस्ताहाल स्थिति में सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

### लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय बदहाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। जिसमें बढ़नी ब्लाक के करीब 77 ग्राम पंचायत भी शामिल हैं। जबकि सही तरीके से सामुदायिक शौचालयों की जांच की जाये तो बहुत ऐसे शौचालय हैं जहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है या फिर हमेशा ताले लटकते रहते हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत अर्री गांव का बताया जा रहा है, जहां ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त करने के लिए बना सामुदायिक शौचालय बदहाल हैं। लाखों खर्च के बाद भी स्थिति बदहाल नजर आ रहा हैं। स्वयं सहायता समूहों को संचालन की जिम्मेदारी मिली है पर वे निष्क्रिय हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह शौचालय काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ है। और यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं और जिम्मेदार अधिकारी भी इस मामले पर मौन धारण किये हुए हैं। गांवों को खुले में शौच मुक्त कराने के उद्देश्य से सरकार ने सामुदायिक शौचालयों पर लाखों रुपये खर्च किए हैं। लेकिन पंचायतों में सब कुछ इसके विपरीत ही दिख रहा है।

# पेड़ से टकराकर कार सवार युवक की मौत

## 30 किमी दूर चाय पीने गए पांच दोस्त हुए हादसे का शिकार, चार घायल

रफ्तार की मार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बूधाकला गांव के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, कार में सवार पांचों दोस्त देर रात सेमरियावां के बिगरामीर से चाय पीकर वापस खलीलाबाद लौट रहे थे। बूधाकला गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार युवक अंदर फंस गए। हादसे में 22 वर्षीय शमसुद्दीन उर्फ अमन बाबा पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी मोतीनगर खलीलाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, मोतीनगर निवासी 20 वर्षीय फैजान पुत्र मोहम्मद असलम, पठान टोला निवासी 17 वर्षीय साहिल पुत्र सलाहुद्दीन, बंजरिया निवासी 20 वर्षीय शुभ पुत्र श्रवण कुमार और स्टेशन पुरवा निवासी 18 वर्षीय आकाश यादव उर्फ अंश घायल हो गए।

घायल फैजान ने पुलिस को बताया कि कार की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इसी दौरान वाहन चला रहे शमसुद्दीन को हल्की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। सूचना पर कांटे चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया, जहां दो घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उधर, घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी।

कोतवाल जय प्रकाश दुबे ने बताया कि मृतक शमसुद्दीन उर्फ अमन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। वहीं, देर-शाम मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### मुख्य आरक्षी के निधन पर जताया शोक



मुख्य आरक्षी को कंधा देते पुलिस कर्मचारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के चौकी शाहपुर थाना इटवा में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात आरक्षी गिरीश चन्द पाण्डेय की आकस्मिक निधन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बताते चलें कि जनपद के चौकी शाहपुर थाना इटवा में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात आरक्षी गिरीश चन्द पाण्डेय जिनकी रात मे तबीयत खराब होने पर साथी पुलिसकर्मियों द्वारा नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉ. द्वारा हार्ट अटैक से मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# महिलाओं ने चलाई भटनी–अयोध्या धाम मेमू ट्रेन

## महिला यात्रियों के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन सहित सुविधाएं भी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्त भूमिका को प्रदर्शित करते हुए गोरखपुर जंक्शन से मेमू सवारी गाड़ी संख्या 65115 भटनी–अयोध्या धाम का संचालन पूर्णतः महिला रेलकर्मियों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक कराया। इस दौरान सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट निरीक्षक तथा आरपीएफ की महिला कर्मियों ने जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

इस विशेष ट्रेन के संचालन में सहायक लोको पायलट प्रियंका शर्मा और निधि गौतम, ट्रेन मैनेजर जागृति त्रिपाठी, सीटीटीआई मुक्ता प्रभा बारला, टीटीआई नीना सिएल तथा आरपीएफ की कांस्टेबल नेहा यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही गोरखपुर जंक्शन के इलेक्ट्रॉनिक पैनल से ट्रेनों के परिचालन और मुख्य बुकिंग कार्यालय सहित प्लेटफॉर्म संख्या 1 तथा 9 के टिकट काउंटरों पर यूटीएस के माध्यम से टिकट वितरण का कार्य भी महिला कर्मचारियों द्वारा किया गया।


मेमू चलातीं सहायक लोको पायलट प्रियंका शर्मा और निधि गौतम।

महिला यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत अंकुर उद्योग लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराई गई चार सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें भी आज क्रियाशील की गईं। इनमें तीन मशीनें गोरखपुर स्टेशन और एक खलीलाबाद स्टेशन पर स्थापित की गई हैं, जिनसे 5 रुपये का सिक्का डालने पर सैनिटरी पैड उपलब्ध होगा। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अर्थ फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

## महिलाओं को दी अधिकारों की जानकारी

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अर्थ फाउंडेशन ने गोसाईगंज ब्लॉक के जहांगीरपुर गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिलाओं के साथ हिंसा, यौन अपराध, भेदभाव और लैंगिक असमानता पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान धनराज यादव ने कहा कि लड़कियों के सपनों को साकार करने के लिए पंचायत स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दे रही है। महमूदपुर प्रधान सर्वेश कुमार ने शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। गोसाईगंज कोतवाली की पुलिसकर्मी सर्वेश, साधना, और शुभ्रा त्रिपाठी ने 1090 हेल्पलाइन और मिशन शक्ति योजनाओं की जानकारी दी। गांव की बसुंधरा यादव, तारावती और रेनू ने अपने संघर्ष की कहानी सुनाई। युवा वर्षा, अनीता, पायल, हरिप्रिया और रिमझिम ने गीतों से जागरूक किया। हकदर्शक संस्था से वरुण सिंह और ज्ञानेंद्र कुमार ने कार्ड बनाए। सेबी ट्रेनर रजत श्रीवास्तव ने वित्तीय साक्षरता और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। अर्थ फाउंडेशन के सचिव मनीष कुमार बहेल ने भी संबोधित किया।

## 20 को होगी एलडीए की बोर्ड बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 20 मार्च को होगी। यह बैठक 10 मार्च को कराने की तैयारी थी लेकिन, लिखित रूप से घोषणा नहीं की गई थी। त्योहार के कारण बैठक की तैयारी भी अधूरी थी। इस बार प्राधिकरण की बोर्ड बैठक बजट आधारित रहेगी। जिसमें नई व पुरानी योजनाओं व कार्यों के लिए बजट स्वीकृत किया जाएगा।

इससे योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। विशेष रूप से आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और वरुण विहार आवासीय योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत किया जाएगा। इस आधार पर आगे के कार्य कराए जाएंगे। वहीं, आईटी सिटी की एसओपी स्वीकृति के लिए रखी जाएगी। इसमें पूरी योजना के नियम, शर्तें, कीमत, क्षेत्रफल आदि निर्धारित किया जाएगा। इस आधार पर योजना लांच करके भूखंडों की बिक्री की जाएगी। नई योजनाओं के भी प्रस्ताव रखे जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टेशन पर आरपीएएफ ने जांच अभियान चलाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरपीएफ और स्टेशन की कैटरिंग टीम ने चारबाग स्टेशन पर प्लेफार्म और खड़ी ट्रेनों में अवैध वेंडिंग की शिकायतों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने चार ट्रेनों की और प्लेटफार्म पर जांच की। सात लोगों को बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री और पानी की बोतलें बेचते हुए पकड़ा। आरपीएफ थाना प्रभारी भूपेश सिंह के अनुसार खाद्य सामग्रियों और पानी की बोतलों को सीज कर दिया गया। सातों के खिलाफ रेलवे एक्ट में कार्रवाई की गई।

### चोरों ने प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जबरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी मीनू गौतम ने बताया कि शनिवार सुबह वह विद्यालय पहुंची तो कम्प्यूटर कक्ष का ताला कटा हुआ था। इंटरलाक होने के चलते चोर दरवाजा नहीं खोल पाए। वह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो पता चला कि चोरों ने खिड़की की ग्रिल काटकर मानीटर, सीपीयू समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। मोहनलालगंज के इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय की प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है।

### बाग में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थानाक्षेत्र के जमुलिया गांव निवासी रामबिलास का बेटा सत्यम मौर्य (30) मजदूरी करता है। परिवार में मां शांति, दो भाई शिवम, नैमिष और पत्नी रामजानकी, एक बेटा रुद्र है। मृतक के पिता ने बताया कि सत्यम रविवार दोपहर करीब 12 बजे घर से बाल कटवाने की बात कहकर घर से निकला था। करीब दो घंटे बाद ग्रामीण खेत की ओर गए तो देखा कि शिवपाल के आम के बाग में सत्यम ने फंदा लगा लिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि परिजन ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

### विद्युत संशोधन बिल पेश होने पर करेंगे कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत संशोधन बिल लोकसभा में पेश हुआ तो बिजली कर्मचारी तत्काल प्रभाव से कार्य बहिष्कार शुरू कर देंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इस बिल से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जो न तो उपभोक्ताओं के हित में होगा और न ही कर्मचारियों के। कहा कि जब केंद्र सरकार ने प्रस्तावित बिल का ड्राफ्ट जारी करके आपत्तियां और सुझाव मांगे थे तो उसे पारदर्शिता के साथ आपत्तियों के निस्तारण भी सार्वजनिक करने चाहिए थे।


सुशांत गोल्फ सिटी में चक्रव्यूह महानाट्य का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# नाटक चक्रव्यूह में नीतीश भारद्वाज बने कृष्ण


चक्रव्यूह महानाट्य में अभिनय करते नीतीश भारद्वाज व अन्य कलाकार।

संवाददाता, गोसाईगंज

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित नीतीश भारद्वाज अभिनीत चक्रव्यूह महानाट्य का रविवार को भावपूर्ण मंचन हुआ।

यह कार्यक्रम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेशों से भरपूर था, जिसमें महाभारत की कथा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहमानों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया, जो मिशन के सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने वाला एक सफल आयोजन साबित हुआ। प्रमुख अतिथियों में कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के मार्गदर्शक, आचार्य प्रदीप कौशिक, पूज्या साधना श्रीजी, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. आशीष गौतम , मंत्री बेबीरानी मौर्या, मंत्री सतीश शर्मा, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मंत्री दानिश आजाद अंसारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह दयाल और डॉ. संजय चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

- मेहमानों ने तालियों से बढ़ाया कलाकारों का उत्साह

## अंगूरी भाभी से मिलीं लखनऊ की महिलाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकप्रिय टीवी शो भाभीजी घर पर हैं–2 में अंगूरी भाभी के किरदार के लिए मशहूर शिल्पा शिंदे ने एंड टीवी की खास पहल सेल्फी लो, शाइन करो, स्टार बन जाओ में शामिल होकर राजधानी की आम महिलाओं को खास बनाया। महिला दिवस के अवसर पर एंड टीवी ने लुलु माल में एक खास मंच तैयार किया। इस अभियान के तहत एक खास एंड टीवी मिरर इंस्टॉलेशन तैयार किया गया, जिस पर वूमेन एंड क्रियेटर, वूमेन एंड एचिवर, वूमेन एंड ड्रिमर और वूमेन एंड विलिवर जैसे प्रेरक संदेश लिखे थे। यहां ली गई हर सेल्फी महिलाओं के आत्मविश्वास और गर्व की झलक बन गई। प्रतिभागियों ने अपनी तस्वीरें एंड टीवी को टैग करते हुए इस अभियान का हिस्सा बनकर खुद को पहचानने और अपनी आवाज़ को सामने लाने का संदेश दिया।

## आईटी सिटी के भूखंडों की लॉटरी आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) 9 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में आईटी सिटी योजना के भूखंड की लॉटरी करेगा। यह पहली लॉटरी किसानों के बीच होगी, जिन्होंने योजना में लैंड पूलिंग नीति के तहत निशुल्क भूमि प्राधिकरण को दी है। ऐसे 350 किसानों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

एलडीए की सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी 3490 एकड़ की योजना है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा की जमीन लेकर कुल 31 सेक्टर विकसित किए जाएंगे। ज्यादातर किसानों ने लैंड पूलिंग नीति के तहत निशुल्क जमीन दी है। इन्हें सबसे पहले इसी योजना में 25 फीसद विकसित जमीन दी जाएगी। इस क्रम में 9 मार्च को सेक्टर- 15,16,17,18 व 30 में 350 भूखंड लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे।

# अमीनाबाद में केबल फॉल्ट से कई इलाकों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अमीनाबाद मार्केट में रविवार को बिजली संकट के कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम करीब चार बजे अमीनाबाद उपकेंद्र के हाथीखाना फीडर की अंडरग्राउंड केबल में फॉल्ट आ गया, जिससे अस्तबल चारबाग, मौलवीगंज और गाड़ा भंडार सहित आसपास के कई इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सराफा कारोबारी विशाल निगम ने बताया कि बार-बार बिजली आने-जाने से व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया।

नजीराबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि नजीराबाद क्षेत्र में भी शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक बिजली कटी रही, जिससे दुकानदारों और आम नागरिकों को दिक्कत हुई।हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों ने देर शाम तक स्थिति सामान्य होने का दावा किया।

विभाग के एक जूनियर इंजीनियर के अनुसार निमतुल्लाह रोड के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में रात करीब 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी, लेकिन रात 9:30 बजे तक करीब 200 घरों में अंधेरा बना रहा। इसके अलावा सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर उपकेंद्र के बड़ा दुर्गा मंदिर फीडर में रविवार सुबह 9 बजे ब्रेकडाउन हो गया, जिससे बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं इटौंजा क्षेत्र के शिवपुरी फीडर में खराबी आने से उपभोक्ताओं को लगभग दो घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। लगातार हो रही इन तकनीकी खराबियों से शहर के कई इलाकों में लोगों की परेशानी बढ़ गई है और बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# लखनऊ की ग्राम पंचायत को मिलेगा पुरस्कार

- मंडल से सिर्फ लखनऊ की पांच ग्राम पंचायतें को मिले अधिक अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जिले की वर्ष 2025-26 का स्मार्ट ग्राम पंचायत को डा. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण योजना पुरस्कार दिया जाएगा। मंडल से लखनऊ की अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली पांच ग्राम पंचायतें पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। इनमें से एक पंचायत को पुरस्कार दिया जाएगा।

पुरस्कार मंडल स्तर पर विकास कार्यों में स्मार्ट बनी एक ग्राम पंचायत को मिलना है। प्रोत्साहन के तौर पर दो लाख रुपये बजट के अतिरिक्त मिलते हैं। मंडल के सभी जिलों की स्मार्ट ग्राम पंचायतों ने आवेदन किए थे। विकास कार्यों के मूल्यांकन में लखनऊ की स्मार्ट ग्राम पंचायत बक्कास, कठवारा, गोडवा बरौकी, नटौली और मसीढा रतन ने अधिकतम अंक प्राप्त किए हैं। अब इन ग्राम पंचायतों का मंडल स्तरीय कमेटी स्थलीय सर्वेक्षण करके अंकों के आधार पर किसी एक का चयन करेगी।

## सिटी डायरी


निगोहां में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल भक्त।

### निगोहां में निकाली गई कलशयात्रा

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां गांव के रविवार को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में पीले वस्त्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष यात्रा में शामिल हुए। वरेश्वर महादेव मंदिर से ऊंट –घोड़े के साथ निकली यात्रा में शामिल भक्तों का जगह–जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। सई नदी के जल से शिव जी का अभिषेक किया गया। जिसके बाद हनुमान मंदिर पर शाम 6 बजे से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्रीगणेश हो गया। आयोजक कृष्ण प्रकाश उर्फ लल्लन शुक्ला और हरि प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कथा समापन के बाद 16 मार्च को भंडारा होगा। सुनीता शुक्ला, चंद्र प्रकाश शुक्ला, कुमकुम शुक्ला, अमित कुमार ,सुशील कुमार, डॉ. अंकित शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, पूर्व प्रधान अजय सिंह, संजीव शुक्ला, जितेंद्र त्रिवेदी, दुर्गेंद्र मिश्रा, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।


होली मिलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते कलाकार।

### नटकुर में हुआ होली मिलन समारोह

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** महाराजा बिजली पासी जन कल्याण सेवा समिति ने रविवार को नटकुर गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान भगवान शंकर–पार्वती, राधा–कृष्ण, गणेश के अलावा महाराजा बिजली पासी, महाराजा सातन पासी और महाराजा लाखन पासी की झांकियां निकाली गईं। समारोह में फूलों की होली खेली गई और गायक रवि शंकर देहाती ने समाज पर आधारित गीत प्रस्तुत किए।समिति के अध्यक्ष सुदरलाल रावत ने समाज के लोगों से एकजुटता का आह्वान किया। मुकेश रावत व रामकिशोर की अध्यक्षता में हुए समारोह में नटकुर प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह, रामकुमार बीडीसी, सुनील कुमार, रामचंद्र, महादेव, सर्वेश, रामकृपाल मौजूद रहे।


पुतला जलाते वीएचआरपी के कार्यकर्ता।

### मौलाना का पुतला जलाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ की मां पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विश्व हिंदू रक्षा परिषद (वीएचआरपी) के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सालिम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंक कर नारेबाजी की। वीएचआरपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि मौलाना सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो वीएचआरपी देशभर में बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मौलाना के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।


सिसेंडी कस्बे में फाग गायन करते ग्रामीण।

### ढोलक-मंजीरा की थाप पर गूंजा फाग

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** सिसेंडी कस्बे में रविवार को समाजसेवी ललित दीक्षित के नेतृत्व में फाग गायन का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रमीणाों ने फूलों की होली खेली और गुलाल उड़ाकर एक–दूसरे को होली की बधाई दी। "फागुन आयो रे, रंग बरसाने आयो रे बरसे गुलाल कन्हैया संग, ब्रज में छायो रे" जैसे फाग पर ग्रामीण झूमते नजर आए। ललित ने बताया कि फाग की शुरुआत बसंत पंचमी से होती है।

## आयोजन

महिला दिवस पर विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पूर्वी ने मनाया होली मिलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पूर्वी उप्र ने रविवार को देवा रोड स्थित जारंग गेस्ट हाउस में होली मिलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और भाजपा प्रवक्ता हरीश श्रीवास्तव उपस्थित हुए। आनंद द्विवेदी ने कहा कि कायस्थ समाज के प्रबुद्ध एवं लेखन के धनी हैं। देश के चतुर्मुखी तकनीकी विकास में कायस्थों की मुख्य भूमिका है। उन्होंने महासभा द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान फूलों की होली खेली गई।

महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने पर मीना श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, आभा श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. इरा श्रीवास्तव, निरुपमा सक्सेना, डॉ. शिवा, सोनाक्षी वर्मा, डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव, मोना चंद्रा, जया श्रीवास्तव, शिप्रा श्रीवास्तव, पद्मिनी, सारिका श्रीवास्तव को प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। हास्य कवि अंकित अनपढ़, अरविंद कुमार झा, हरि बहादुर हर्ष, हेमा पांडे, संदीप शरारती, गौरव, हिमांशु लखनवी, डॉ. वीके श्रीवास्तव ने कविताओं से ठहाके लगाने में विवश कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योत्सना श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद निगम आदि रहे।


गहोई वैश्य सेवा समिति के होली मिलन में गीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार

## गहोई वैश्य सेवा समिति ने किया होली मिलन समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** गहोई वैश्य सेवा समिति की वार्षिक आमसभा और होली मिलन समारोह का अयोजन रविवार को बीबीगंज स्थित निगोतिया भवन में हुआ। अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त भावुक ने आयोजन को सामाजिक एकता और पारिवारिक आत्मीयता का प्रतीक बताया। महामंत्री ज्ञानेन्द्र कठिल ने समाज की एकता और पारस्परिक सहयोग को मजबूत बनाने का आह्वान किया तथा संजीव निगोतिया के प्रति आतिथ्य के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अर्चना गुप्ता के संयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण उल्लासमय बन गया। संजय तपा, शशि रावत, आलोक सेठ, अनिल कुमार नीखरा, सुषमा पहारिया, रश्मि हुंका, अंकित सोहाने, राजीव कुमार विश्वारी, अर्चना सांवला के साथ ही समिति के संरक्षक रमेश मलैया, जीएस गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

